नर्मदापुरम भास्कर 06-06-2024

दैनिक भास्कर
, गुरूवार, 6 जून, 2024 20

# नर्मदा कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



भास्कर संवाददाता | नर्मदापुरम

नर्मदा कॉलेज में एनसीसी और ईको क्लब के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। जिसकी थीम 'भूमि का पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता' तथा नारा ''हमारी भूमि, हमारा भविष्य'' रहा। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज कैंपस की सफाई कर पौधरोपण किया और संकल्प लिया कि ऐसा कोई भी कार्य और सामग्री का उपयोग नहीं करेंगे जिससे पर्यावरण और जीव जंतुओं को नुकसान पहुंचे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. ओएन चौबे ने विद्यार्थियों से कहा इस वर्ष की थीम का मतलब है जहां भी बंजर जमीन या सूखा है वहां ऐसा काम करें कि उसके प्रभाव को कम किया जा सके। डॉ. यास्मीन खान ने भी विद्यार्थियों को पौधे लगाने उनकी देखभाल करने और उपहार स्वरूप पौधे देने की आदत बनाने की आवश्यकता जाहिर की। डॉ. कमल वाधवा, डॉ. रवि उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ. एससी हर्ने, डॉ. हंसा व्यास, डॉ. एनआर अडलक, अरुण शर्मा, मुकेश द्विवेदी सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कुमकुम, स्वेच्छा, रश्मि रोशनी, दुर्गा उइके, विजय, आहुति, प्रियंका, प्रियंबिका जाट सहित अनेक विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर पर्यावरण को हरा भरा बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

दैनिक भास्कर

नर्मदापुरम भास्कर 06-06-2024

# अभाविप ने कॉलेज में किया पौधरोपण

नर्मदापुरम| बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा नर्मदापुरम में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नर्मदा कॉलेज में पौधारोपण किया। जिसमें मुख्य रूप से कॉलेज प्राचार्य ओएन चौबे एवं नगर मंत्री अभिषेक पटेल, यशराज सनकत, सलोनी मालवीय, सुजल, अक्षत, अमित, सचिन, केशव लवलेश, रिंकू, उपस्थित रहे।



पत्रिका

पत्रिका नर्मदापुरम 10 पत्रिका
नर्मदापुरम, गुरुवार, 06 जून, 2024

## विश्व पर्यावरण दिवस : शहर को हराभरा रखने कई सामाजिक संस्थाओं और कॉलेजों में हुआ बीजारोपण

# पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नर्मदापुरम.** विश्व पर्यावरण दिवस पर बुधवार को शहर को हरा भरा रखने का संकल्प और बीजारोपण कई सामाजिक संस्थाओं सहित कॉलेजों में भी किया गया। नर्मदा कॉलेज में एनसीसी और ईको क्लब के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज कैंपस की साफ सफाई कर पौधरोपण किया

मानव अधिकार आयोग सहकार ट्रस्ट शाखा ने मीनाक्षी परिसर पर मासिक बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिला अध्यक्ष नीरजा फौजदार ने कहा कि एक अभियान की तरह हमको पौधे लगाने होंगे और जब तक वह बड़े ना हो जाएं उनकी देखभाल करना होगी।

शासकीय विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रोत्साहन के लिए पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्रों के द्वारा नीम ,आंवला, अमरूद ,बादाम आदि फलदार पौधों का रोपण किया। साथ ही इन पौधों को बचाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर में विशेष न्यायाधीश हितेंद्र मिश्रा एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय प्रियदर्शन शर्मा की अध्यक्षता अशोक,आम,नीम, पीपल, आंवला आदि के पौधे रोपित किए गए साथ ही इनकी देखरेख करने का संकल्प लिया गया।

शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा पौधारोपण एवं अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में पक्षियों के दाना पानी के लिए कृत्रिम बर्ड फीडर लगवाए गए।


नर्मदा कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।


जिला विधिक सेवा प्राधिकरण परिसर में किया गया पौधरोपण।

## एसपीएम में लगाए 300 फलदार पौधे



करंसी पेपर कारखाना ने कर्मचारी आवास कॉलोनी को हरियाली चुनरी ओढ़ाने पौधरोपण अभियान शुरू किया गया है। बुधवार को पर्यवरण दिवस पर खाली पड़ी भूमि में 300 फलदार पौधें रोपे गए। इसके अलावा कर्मचारी अधिकारियों की टीम के साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने नर्मदा के सेठानी घाट पर सफाई अभियान चलाया।

## मंत्रोच्चार के साथ पीपल व बरगद का मनाया जन्मदिन

पर्यावरण संरक्षण का काम करने वाले प्रकृति प्रेमियों ने भरपूर ऑक्सीजन देने वाले पीपल के पौधे को लगाकर उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया। शहर के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित विवेकानंद नगर, सुधार न्यास कॉलोनी के हरियाली पार्क के पास 2017 में लगाए गए पीपल और बड़ के वृक्षों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन अर्चन किया। इस मौके पर राजीव अग्रवाल, दिनेश जाट, विनायक अग्रवाल, मोहन अहिरवार,सौरभ थापक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पौधरोपण कर मनाया अपना जन्मदिन



पर्यावरण संरक्षण का दायित्व निभाने के लिए एक युवक अनूठा उदाहरण बना है। 25 वर्षीय संजय नहारिया प्रतिवर्ष 5 जून को एक पौधा लगाकर अपना जन्मदिन मनाते हैं। बुधवार को अपने 25 वें जन्मदिन पर युवक ने आदमगढ पहाड़िया के करीब नहर किनारे पीपल का पौधा लगाया। पौधे के पास ही दोस्तों ने उसे जन्मदिन बधाई दी।


पर्यावरण टोली ने 1000 बीजों से बीजारोपण किया।

**आज का राशिफल** गुरुवार, 06 जून 2024

मेष — चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

पत्रिका जीवन

## 'रक्तदान किसी की जिंदगी बचा सकता है'

# शासकीय नर्मदा कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया




**स्वतंत्र इंडिया,नर्मदापुरम**।

शासकीय नर्मदा कॉलेज में बुधवार को एनसीसी और ईको क्लब के तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया ।जिसकी थीम भूमि का पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता तथा नारा 'हमारी भूमि, हमारा भविष्य' रहा । कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स ने कॉलेज कैंपस की साफ सफाई कर वृक्षारोपण कर संकल्प लिया। ऐसा कोई भी कार्य और सामग्री का उपयोग नहीं करेंगे। जिससे पर्यावरण और जीव जंतुओं को नुकसान पहुंचे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ ओएन चौबे ने विद्यार्थियों से कहा कि इस वर्ष की थीम का मतलब है कि जहां भी बंजर जमीन या सूखा है वहां ऐसा काम करें कि उसके प्रभाव को कम किया जा सके, ताकि उस जमीन को उपयोगी और पुनः उपजाऊ बनाया जा सके। बिजली, पानी, ईंधन की खपत कम कर प्राकृतिक संसाधनों को बचायें। अधिक से अधिक पेड़ लगायें। जिससे ऋतु चक्र के असंतुलन को कम किया जा सके।डॉ यास्मीन खान ने भी विद्यार्थियों को पेड़ लगाने उनकी देखभाल करने और उपहार स्वरूप पौधे देने की आदत बनाने की आवश्यकता जाहिर की ताकि धरती पर वृक्षारोपण होता रहे ।डॉ कमल वाधवा, डॉ रवि उपाध्याय ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। डॉ एससी हर्ने, डॉ हंसा व्यास,डॉ एन आर अडलक, अरुण शर्मा, मुकेश द्विवेदी सहित अनेक प्राध्यापक उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। कुमकुम,स्वेच्छा, रश्मि रोशनी, दुर्गा उइके, विजय, आहुति, प्रियंका, प्रियांबिका जाट सहित अनेक विद्यार्थीयों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर पर्यावरण को हरा भरा बनाने की प्रतिबद्धता जताई।